Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 2 | राहुल सांकृत्यायन (ल्हासा की ओर)

## QUIZ-01

1. **'ल्हासा की ओर' किस प्रकार का पाठ है?**

A. यात्रा वृत्तांत B. कहानी

C. निबंध D. संस्मरण (A)

***स्पष्टीकरण :*** यह एक यात्रा-वृत्तांत है जिसमें राहुल सांकृत्यायन ने तिब्बत की यात्रा का विवरण दिया है।

2. **लङ्कोर जाने के लिए करीब कितनी हजार फीट की चढ़ाई चढ़नी पड़ती थी?**

A. 17.20 B. 17.90

C. 17.18 D. 17.15 (C)

***स्पष्टीकरण :*** लेखक ने लङ्कोर की चढ़ाई को 17,180 फीट (यानी 17.18 हजार फीट) बताया है।

3. **राहुल सांकृत्यायन का मूल नाम था –**

A. धनपत राय B. केदार पांडेय

C. शिवहरि D. प्रभात राय (B)

***स्पष्टीकरण :*** राहुल सांकृत्यायन का जन्म नाम केदार पांडेय था।

4. **'ल्हासा की ओर' पाठ के लेखक क्या कहकर भीख माँगते थे?**

A. बाबा एक पैसा दे दो B. एक – दो रुपये दे दो

C. एक पैसा कुची – कुची

D. कुची – कुची (दया – दया) एक पैसा (D)

***स्पष्टीकरण :*** लेखक तिब्बत में भीख माँगते समय "कुची-कुची" (जिसका अर्थ होता है दया-दया) कहते थे।

5. **'ल्हासा की ओर' पाठ के लेखक का नाम है –**

A. श्यामाचरण दुबे B. जाकिर हुसैन

C. राहुल सांकृत्यायन D. हजारीप्रसाद द्विवेदी (C)

***स्पष्टीकरण :*** यह यात्रा-वृत्तांत राहुल सांकृत्यायन द्वारा लिखा गया है।

6. **राहुल सांकृत्यायन ने किसका शास्त्र रचा है?**

A. घुमक्कड़ी का B. यात्रा का

C. पागलपन का D. इनमें कोई नहीं (A)

***स्पष्टीकरण :*** राहुल सांकृत्यायन को "घुमक्कड़ शास्त्र" का रचयिता कहा जाता है क्योंकि उन्होंने घुमक्कड़ी को जीवन दर्शन माना।

7. **लेखक राहुल सांकृत्यायन का सहयात्री कौन था?**

A. सुमति B. सुमित

C. सुशील D. विमल (A)

***स्पष्टीकरण :*** लेखक के साथ यात्रा में सुमति नामक व्यक्ति था जो उनका सहयात्री था।

8. **तिब्बत में सबसे खतरे की जगह को क्या कहते थे?**

A. डाँड़े B. पहाड़े

C. साँड़ D. गाड़े (A)

***स्पष्टीकरण :*** तिब्बत में खतरनाक स्थानों को डाँड़े कहा जाता था, जहाँ डाकुओं का खतरा होता था।

9. **"ल्हासा की ओर" पाठ में 'नम्से' कौन था?**

A. भिखमंगा B. बौद्ध भिक्षु

C. तिब्बती D. अहंकारी व्यक्ति (B)

***स्पष्टीकरण :*** 'नम्से' एक बौद्ध भिक्षु है जो शेकर विहार में खेती के प्रमुख है।

10. **लेखक कहाँ जाते हुए रास्ता भटक गया था?**

A. लङ्कोर B. तिङ्री

C. नेपाल D. भारत (A)

***स्पष्टीकरण :*** लेखक लङ्कोर जाते समय रास्ता भटक गए थे।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | TDI | TEST SERIES
Download Mission Gyan App